सुन ले कन्हैया मनुहार भजन लिरिक्स

परिवार मेरा खुशहाल हो मैंने,
इतना ही माँगा,
सुन ले कन्हैया मनुहार,
डोर पकड़ ले हम दीनो की,
प्रेम का है धागा,
तुमसे बंधा है सरकार,
सुन ले कन्हैंया मनुहार।bd।

तर्ज – एक बार तो राधा बनकर।

हमको भरोसा है,
तू साथ ना छोड़े,
नाजुक बड़ा बंधन,
बंधन नहीं तोड़े,
तुझपे ही सुख दु:ख छोड़ दिया है,
मालिक मान कर,
जीवन करो गुलज़ार,
परिवार मेरा खुशहाल हो मैंने,
इतना ही माँगा,
सुन ले कन्हैंया मनुहार।bd।

इस दुनिया का क्या है,
ना जीने मरने दे,
माया में लिपटा मन,
ना उसे सुधरने दे,
बस एक तेरी ही लगन लगा के,
मन का ये पंक्षी,
श्याम ही बोले बार बार,
परिवार मेरा खुशहाल हो मैंने,
इतना ही माँगा,
सुन ले कन्हैंया मनुहार।bd।

कण कण में वास तेरा,
परमात्मा हो तुम,
मेरी धड़कन में भी तुम,
मेरी आत्मा हो तुम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब तक साँस में साँस,
रख लो मुझे सेवादार,
परिवार मेरा खुशहाल हो मैंने,
इतना ही माँगा,
सुन ले कन्हैंया मनुहार।bd।

परिवार मेरा खुशहाल हो मैंने,
इतना ही माँगा,
सुन ले कन्हैया मनुहार,
डोर पकड़ ले हम दीनो की,
प्रेम का है धागा,
तुमसे बंधा है सरकार,
सुन ले कन्हैंया मनुहार।bd।

स्वर – अंजना आर्य।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com